# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 12.06.2026 समय : 1905

1. **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– सरकार ने पिछले 12 वर्षों में महिलाओं को राष्ट्र निर्माण में उनकी पूरी क्षमता का एहसास कराने के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया है।**
2. **सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने टेलीविजन, रेडियो और संचार सेवाओं से संबंधित दूरसंचार नियम, 2026 का प्रारूप सार्वजनिक परामर्श के लिए जारी किया है।**
3. **केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान ने आज प्राथमिक कृषि ऋण समितियों के अध्यक्षों और सचिवों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया।**
4. **खराब मौसम को देखते हुए मछुआरों को सोलह जून तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।**

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकार ने पिछले 12 वर्षों में महिलाओं को राष्ट्र निर्माण में उनकी पूरी क्षमता का एहसास कराने के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया है। प्रधानमंत्री ने कहा है कि वित्तीय समावेशन और उद्यमिता से लेकर शिक्षा, हेल्थकेयर, साफ़–सफ़ाई, आवास, खेल, विज्ञान और गवर्नेंस तक महिलाएं अलग–अलग क्षेत्रों में अहम भूमिका निभा रही हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री मोदी ने कहा कि ड्रोन टेक्नोलॉजी जैसे उभरते क्षेत्रों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी से अवसरों के नए रास्ते खुल रहे हैं और पूरे देश में विकास परिदृश्य बदल रहा है। पिछले 12 वर्षों में सरकार ने महिला–नेतृत्व वाले विकास को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य किया है, जिसके सकारात्मक परिणाम विभिन्न क्षेत्रों में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों को सक्रिय सहयोग देकर महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार की नीतियां समान, अवसर और सशक्तिकरण के सिद्धांतों पर आधारित हैं। इन प्रयासों से अब महिलाएं अपनी क्षमताओं को पहचानते हुए राष्ट्र निर्माण में अधिक प्रभावी भूमिका निभा रही हैं।

<><><><><><><>

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने टेलीविजन, रेडियो और संचार सेवाओं से संबंधित दूरसंचार नियम, 2026 का प्रारूप सार्वजनिक परामर्श के लिए जारी किया है। यह प्रारूप पहले के टेलीग्राफ अधिनियम, अट्ठारह सौ पिचासी के अंतर्गत टेलीविजन और रेडियो सेवाओं के लिए जारी विभिन्न दिशा–निर्देशों को नए दूरसंचार अधिनियम, 2023 के दायरे में शामिल करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। नए प्रावधान में सूचना और प्रसारण मंत्रालय तथा निजी प्रसारकों के बीच होने वाले ग्रांट ऑफ परमिशन एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर की आवश्यकता को समाप्त कर दिया गया है। इससे यह पूरी प्रक्रिया डिजिटल हो जाएगी।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम स्थित राज्य पुस्तकालय के सम्मेलन कक्ष में आज समर बुक फेस्ट–2026 का समापन हुआ। शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित इस पुस्तक उत्सव का पहला चरण 26 से 30 मई तथा दूसरा चरण 9 से 12 जून तक आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पठन–पाठन की रुचि विकसित करना तथा उनकी रचनात्मकता और साहित्यिक प्रतिभा को प्रोत्साहित करना था। समापन समारोह में शिक्षा निदेशक आदित्य सांगोत्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने मोबाइल फोन के अत्यधिक उपयोग से बचने और ज्ञानवर्धक गतिविधियों में समय लगाने की भी सलाह दी। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य पुस्तकालय की नोडल अधिकारी अर्चना सिंह के स्वागत भाषण से हुआ। राज्य पुस्तकालय के प्रभारी अन्बरासन ने सप्ताहभर आयोजित गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के 300 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। समारोह का समापन राज्य पुस्तकालय के पुस्तकालयाध्यक्ष सुरेश जे. पनिक्कर के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ।

<><><><><><><>

डॉ. बी.आर. अंबेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान, श्री विजयपुरम तथा राजकीय पॉलिटेक्निक, डिगलीपुर में शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। पात्र अभ्यर्थी महाराष्ट्र राज्य तकनीकी शिक्षा मंडल के अंतर्गत संचालित विभिन्न डिप्लोमा पाठ्यक्रमों, नेताजी सुभाष चंद्र बोस होटल प्रबंधन एवं आतिथ्य–लॉजिस्टिक्स विश्वविद्यालय के अंतर्गत डिग्री पाठ्यक्रमों तथा डिप्लोमा इंजीनियरिंग एवं डिग्री इंजीनियरिंग के पार्श्व प्रवेश कार्यक्रमों के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, महाराष्ट्र राज्य तकनीकी शिक्षा मंडल के अंतर्गत राजकीय पॉलिटेक्निक, डिगलीपुर में संचालित डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में भी प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया की तिथि 20 जून है। प्रवेश संबंधी किसी भी जानकारी के लिए अभ्यर्थी आधिकारिक वेबसाइट के साथ साथ 9474–279–314 पर संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><>

देशव्यापी 'खेत बचाओ अभियान' के अंतर्गत आई सी ए आर–केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान, श्री विजयपुरम ने आज प्राथमिक कृषि ऋण समितियों के अध्यक्षों और सचिवों के साथ एक संवाद कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य टिकाऊ कृषि, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन और फसल उत्पादकता बढ़ाने के लिए उर्वरकों के संतुलित उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम में छोलदारी, फरारगंज, टेलराबाद और गुप्तपाड़ा की विभिन्न सेवा सहकारी समितियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और किसानों के बीच संतुलित उर्वरक उपयोग तथा टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने पर अपने विचार साझा किए। संस्थान के निदेशक डॉ. जय सुंदर ने उर्वरकों के संतुलित एवं विवेकपूर्ण उपयोग की आवश्यकता पर बल देते हुए जैव उर्वरकों, ट्राइकोडर्मा और स्यूडोमोनास जैसे लाभकारी सूक्ष्मजीवों तथा जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की सलाह दी। वैज्ञानिकों ने खरपतवार प्रबंधन पर उपयोगी जानकारी दी। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र, दक्षिण अंडमान के प्रमुख वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. वाई. रामकृष्ण ने भी विचार व्यक्त किए।

<><><><><><>

द्वीप समूह में अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गई। आज शाम साढ़े पांच बजे तक श्री विजयपुरम में सोलह दशमलव छ मिलीमीटर, कार निकोबार में दस, लॉन्ग आइलैंड में नौ, वायुसेना केन्द्र कार निकोबार में आठ दशमलव आठ और ननकौड़ी में आठ मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। मौसम संबंधी पूर्वानुमान के अनुसार द्वीप समूह के एक या दो स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना है। इसके साथ ही तेज हवाएं, बिजली तथा गरज के साथ वर्षा होने की आशंका व्यक्त की गई है। 16 जून तक मछुआरों को समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

<><><><><><>

खेल एवं युवा कार्य निदेशालय द्वारा 15 जून को श्री विजयपुरम स्थित नेताजी खेल परिसर के बहुउद्देशीय सभागार में अपराह्न तीन बजे डोपिंग–रोधी जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी, भारत की राष्ट्रव्यापी पहल के तहत स्वच्छ खेल, निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा और डोपिंग–मुक्त खेल वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जा रहा है। इसमें खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, शारीरिक शिक्षा शिक्षकों, शारीरिक प्रशिक्षण प्रशिक्षकों, खेल अधिकारियों तथा खिलाड़ियों से जुड़े सहयोगी कर्मियों के भाग लेने की अपेक्षा की गई है।

<><><><><><>

द्वीप समूह में राष्ट्रीय पोलियो टीकाकरण दिवस 28 जून को आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रीय पोलियो टीकाकरण दिवस के अवसर पर पांच वर्ष तक आयु के सभी बच्चों को निर्धारित पोलियो बूथों पर पोलियो वैक्सीन की दो बूंदें पिलाई जाएंगी। अभियान के अंतर्गत अगले दो दिनों तक स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा घर–घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियों की खुराक दी जाएगी। राष्ट्रीय पोलियो टीकाकरण दिवस की गतिविधियों के संबंध में 22 जून को सुबह साढ़े दस बजे स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के सम्मेलन कक्ष में मीडिया संवेदनशीलता कार्यशाला आयोजित की जाएगी।

<><><><><><>